प्रेषक,

प्रतिभा सक्सेना II
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पोक्सो अधि),
जनपद हाथरस

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद

द्वारा,

श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जनपद हाथरस

विषय - सम्पत्ति विवरण पत्र प्रेषित किये जाने एवं विलम्ब के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि प्रार्थिनी द्वारा वर्ष 2006 में अपर सिविल जज जू0डि0 के पद पर जनपद पीलीभीत में कार्यभार ग्रहण किया गया था और कार्यभार ग्रहण किये जाने के समय एवं उसके पश्चात् वर्ष 2010 तक सम्पत्ति विवरण पत्र प्रार्थिनी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित किये जाते रहे तत्पश्चात् प्रार्थनी के पिता की गंभीर अस्वस्थता तत्पश्चात् प्रार्थिनी के सास-ससुर की गंभीर बीमारी एवं कैंसर रोग से पीड़ित रहने और उनकी मृत्यु के कारण, पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन, न्यायिक कार्य की व्यस्तता के कारण प्रार्थिनी अपनी सम्पत्ति विवरण पत्र समय से माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित नहीं कर सकी। यद्यपि इस अवधि में प्रार्थिनी द्वारा जो भी चल-अचल सम्पत्ति क्रय की गयी, वह माननीय उच्च न्यायालय से नियमानुसार अनुमति प्राप्त करके क्रय की गयी और उसकी सूचना भी माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व में ही प्रेषित की जा चुकी है, किन्तु निर्धारित समय अवधि पर विवरण पत्र प्रेषित न करने में जो विलम्ब हुआ है, उसके लिए प्रार्थिनी क्षमा प्रार्थी है और भविष्य में प्रार्थिनी निर्धारित अवधि पर अपने सम्पत्ति विवरण पत्र प्रस्तुत करने का आश्वासन देती है। वर्तमान में प्रार्थिनी द्वारा वर्ष 2010-2012, वर्ष 2012-2014, वर्ष 2014-2016, वर्ष 2016-2018, वर्ष 2018-2020 के सम्पत्ति विवरण पत्र विहित प्रारूप पर प्रेषित किये जा रहे हैं।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थिनी के उपरोक्त सम्पत्ति विवरण पत्र माननीय उच्च न्यायालय के कृपापूर्ण अवलोकनार्थ रखने की अनुकम्पा करें।

भवदीया

(प्रतिभा सक्सेना II)

दिनांक-08.12.2021

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, (पोक्सो अधि),
जनपद हाथरस
(जे0ओ0 कोड यू0पी0 6223)